

# पहली बार डिजिटल जनगणना, प्रशासनिक तैयारी तेज

## जिले में स्व-गणना व मकान सूचीकरण के लिए 2 हजार से अधिक कर्मचारियों की लगी ड्यूटी, दो चरणों में पूरी की जायेगी जनगणना प्रक्रिया

**नवभारत न्यूज**

**सीधी 17 अप्रैल। पहली बार होने वाली डिजिटल जनगणना को लेकर प्रशासनिक तैयारियां तेज हैं। जिले में स्व-गणना व मकान सूचीकरण के लिए 2 हजार से अधिक कर्मचारियों की ड्यूटी लगी है। दो चरणों में जनगणना प्रक्रिया पूरी की जायेगी।**




पहले चरण में मकान एवं परिवार से संबंधित जानकारी जैसे मकान का प्रकार, उपयोग, पीने के पानी का स्त्रोत, शौंचालय, बिजली, रसोई ईधन और घर में उपलब्ध सम्पत्ति आदि दर्ज की जाएगी। दूसरे चरण में परिवार के प्रत्येक सदस्य की जानकारी, नाम, परिवार में संबंध, लिंग, आयु, वैवाहिक स्थिति, धर्म, मातृ भाषा, साक्षरता, शिक्षा, कामकाजी स्थिति, रोजगार का प्रकार, जन्म और पिछले निवास स्थान, प्रवास का कारण की जानकारी ली जाएगी। इस बार संभावित नए बदलावों में डिजिटल उपकरणों और इंटरनेट एक्सेस से जुड़े कुछ सवाल शामिल किए जा सकते हैं। जनगणना का प्रथम चरण सीधी जिले में 16-30 अप्रैल तक चलेगा। प्रथम चरण में स्व-गणना का कार्य तथा दूसरे चरण में 1-30 मई तक मकान सूचीकरण एवं मकानों की गणना का कार्य किया जाएगा। सीधी जिले में जनगणना के लिए 2 हजार से ज्यादा कर्मचारियों की ड्यूटी लगाई गई है। मोबाइल ऐप और टैबलेट के माध्यम से पहली बार पूरी डिजिटल जनगणना होगी। वर्ष 2011 के बाद पहली बार होने जा रही यह डिजिटल जनगणना काफी अहम है। डिजिटल जनगणना में 33 सवाल पूंछे जाएंगे और तीन मोबाइल ऐप से परिवार की कुंडली तैयार की जाएगी। जनगणना के डिजिटल स्वरूप के लिए तीन विशेष ऐप विकसित किए गए हैं। हाउसिंग आपरेशन ऐप से मकानों का सूचीकरण और गणना होगी। जनगणना ऐप के जरिए परिवार और लोगों का विवरण दर्ज किया जाएगा। डीएलएम ऐप से जीपीएस आधारित डिजिटल मैप पर ब्लॉक सीमाएं कैप्चर की जाएंगी। डिजिटल जनगणना को लेकर जिला प्रशासन द्वारा व्यापक तैयारियां की जा रही हैं। जनगणना प्रक्रिया के पहले चरण में मकान एवं परिवार से संबंधित जानकारी दर्ज होगी। वहीं दूसरे चरण में परिवार के प्रत्येक सदस्य की जानकारी दर्ज की जाएगी। जिले में जनगणना 2026 के सफल संचालन के लिए प्रशासन द्वारा अपनी तैयारियां तेज कर दी गई हैं।


### गलत जानकारी देना दंडनीय मामला

सरकार ने आम नागरिकों और अधिकारियों दोनो के लिए दिशा-निर्देश जारी किए हैं। जनगणना अधिनियम 1948 के तहत नागरिकों के लिए सही जानकारी देना अनिवार्य है। गलत जानकारी देना, जानकारी छुपाना या गणनाकर्मी को रोंकना दंडनीय है। ऐसे मामलों में जुर्माना लगाया जा सकता है और कानूनी नोटिस भी जारी किया जा सकता है। जनगणना में लगे अधिकारी एवं कर्मचारी जैसे शिक्षक, पटवारी, आंगनवाड़ी कार्यकर्ता ड्यूटी से इंकार नहीं कर सकते। लापरवाही, अनुपस्थिति या गलत जानकारी दर्ज करने पर विभागीय कार्रवाई के साथ अधिनियम की धारा 11 के तहत जुर्माना या तीन माह तक की जेल का प्रावधान है। फर्जी एंट्रियों और आंकड़ों के हेर .फेर पर सेवा समाप्ति तक की कार्रवाई हो सकती है। इस बार की जनगणना में मोबाइल ऐप और टैबलेट के माध्यम से डेटा एकत्र किया जाएगा।

### इनका कहना है

1 मई 2026 से प्रथम चरण में घरों की गणना एवं नंबरिंग का कार्य शुरू किया जाएगा। तत्संबंध में संबंधित अधिकारियों को प्रशिक्षण दिया जा चुका है। जनगणना कार्य के लिए शिक्षकों सहित अन्य शासकीय कर्मचारियों को प्रगणक बनाया जाएगा। ग्रामीण क्षेत्रों में संबंधित तहसीलदार तथा नगरीय क्षेत्रों में नगर पालिका अधिकारी चार्ज अधिकारी होंगे।

**बी .पी .पाण्डेय, अपर कलेक्टर सीधी**



# विद्युत समस्याओं को लेकर युवा कांग्रेस ने मुख्य अधीक्षण अभियंता को सौंपा ज्ञापन

**नवभारत न्यूज**

**सीधी 17 अप्रैल। जिले में व्याप्त विद्युत समस्याओं को लेकर युवा कांग्रेस जिला अध्यक्ष करुण सिंह ने मुख्य अधीक्षण अभियंता विद्युत मंडल को ज्ञापन सौंपते हुए शीघ्र निराकरण की मांग की है।**

प्रस्तुत ज्ञापन में बताया गया कि जिले के विभिन्न क्षेत्रों में लंबे समय से बिजली की गंभीर समस्याएं बनी हुई हैं। बार-बार हो रही अघोषित बिजली कटौती, लो-वोल्टेज की समस्या, जर्जर तारों तथा खराब ट्रांसफार्मरों के कारण आमजन को भारी परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है। विशेष रूप से ग्रामीण क्षेत्रों में स्थिति अत्यंत चिंताजनक है जहां कई-कई घंटों तक विद्युत आपूर्ति बाधित रहती है। इसके साथ ही कई उपभोक्ताओं के घरों में बिजली कनेक्शन न होने के बावजूद बिल जारी होने की शिकायतें सामने आ रही हैं जिससे लोगों में आक्रोश व्याप्त है।

युवा कांग्रेस जिलाध्यक्ष करुण सिंह ने कहा कि इन समस्याओं के कारण किसानों, विद्यार्थियों और व्यापारियों सहित आमजन का जनजीवन बुरी तरह प्रभावित हो रहा है तथा कृषि कार्यों में भी बाधाएं उत्पन्न हो रही हैं। उन्होंने मुख्य अधीक्षण अभियंता से मांग की कि संबंधित अधिकारियों को निर्देशित कर 15 दिवस के भीतर समस्याओं का निराकरण सुनिश्चित किया जाए अन्यथा युवा कांग्रेस द्वारा उग्र आंदोलन किया जाएगा।

### ज्ञापन सौंपने इनकी रही उपस्थिति

ज्ञापन सौंपने के दौरान दिग्विजय सिंह राहुल, अजीत सिंह छुहिया, संजय सिंह, विधानसभा अध्यक्ष चुरहट कृष्णदेव सिंह केडी, विधानसभा अध्यक्ष सीधी विकास सिंह परिहार, ब्लाक अध्यक्ष सीधी रमन सिंह, सानेन्द्र सिंह, रामकुमार सिंह दादू, ब्लाक उपाध्यक्ष विकास सिंह, अभिनव सिंह, सर्वेश शुक्ला, योगेश सिंह, प्रकाश सिंह, अमन सिंह, भास्कर सेंगर, देशराज सिंह, अतीत मिश्रा, अभय सिंह, यश सिंह, देव यादव सहित अन्य कार्यकर्ताओं की उल्लेखनीय उपस्थिति रही।

# हाईस्कूल परीक्षा में दीपांशु मिश्रा को मिले 96 .2 प्रतिशत

**नवभारत न्यूज**

**सीधी 17 अप्रैल। माध्यमिक शिक्षा मंडल भोपाल के हाई स्कूल परीक्षा के घोषित नतीजे में अबोध बाल शिक्षा निकेतन हाईस्कूल स्कूल सीधी के छात्र दीपांशु मिश्रा पिता अरविंद मिश्रा ने 96.2 प्रतिशत अंक प्राप्त कर उत्कृष्ट प्रदर्शन किया।**



दीपांशु मिश्रा को 10 वीं परीक्षा में 481/500 अंक मिले हैं। दीपांशु मिश्रा ग्राम भितरी के निवासी है। उनको बधाई देने वालों में माता अनुराधा मिश्रा, बब्बा शंकर प्रसाद मिश्रा शास्त्री, बड़े पापा पीडब्ल्यूडी इंजी.के.के.मिश्रा, बहन सोनाली और कंचन, भाई हिमांशु दादा, सुधांशु दादा आदि शामिल हैं।

# चुरहट महाविद्यालय में मानसिक स्वास्थ्य जागरूकता कार्यक्रम आयोजित

**नवभारत न्यूज**

**चुरहट 17 अप्रैल। शासकीय महाविद्यालय चुरहट में नेशनल टास्कफोर्स के अंतर्गत तनाव प्रबंधन एवं मानसिक स्वास्थ्य जागरूकता विषय पर महत्वपूर्ण कार्यक्रम का आयोजन 17 अप्रैल को किया गया।**



कार्यक्रम का उद्देश्य विद्यार्थियों को बढ़ते तनाव के दुष्प्रभावों से अवगत कराते हुए उन्हें मानसिक रूप से सशक्त बनाना था। कार्यक्रम की अध्यक्षता प्रभारी प्राचार्य डॉ.राजेश त्रिपाठी ने की। मुख्य अतिथि एवं मुख्य वक्ता के रूप में जन अभियान परिषद से विनय कुमार सोनी उपस्थित रहे। उन्होंने कहा कि वर्तमान प्रतिस्पर्धात्मक दौर में तनाव एक सामान्य समस्या बन गया है लेकिन उचित दिनचर्या, सकारात्मक सोच और समय प्रबंधन के माध्यम से इसे नियंत्रित किया जा सकता है। उन्होंने विद्यार्थियों को मानसिक स्वास्थ्य के प्रति जागरूक रहने और आवश्यकता पड़ने पर परामर्श लेने की भी सलाह दी। एनटीएफ की संयोजक डॉ.स्मृति शुक्ला ने कार्यक्रम का संचालन करते हुए मानसिक स्वास्थ्य के विभिन्न पहलुओं पर प्रकाश डाला। उन्होंने बताया कि मानसिक संतुलन बनाए रखने के लिए योग, ध्यान और नियमित संवाद अत्यंत आवश्यक हैं। इस अवसर पर महाविद्यालय के वरिष्ठ प्राध्यापक डॉ.शशी कुमार दुबे, डॉ.आशीष पांडे, डॉ.एस.के. लगरखा, डॉ.सी.के.वर्मा, अखिलेश मनु, डॉ.मयूरी सिंह, डॉ.अपर्णा द्विवेदी एवं डॉ.मनीष पाण्डेय सहित अन्य शिक्षक, समाजसेवी व बड़ी संख्या में विद्यार्थी उपस्थित रहे।

# एमपी बोर्ड परीक्षा में गणेश हायर सेकेण्डरी स्कूल अमहा का रहा उत्कृष्ट प्रदर्शन

**नवभारत न्यूज**

**सीधी 17 अप्रैल। माध्यमिक शिक्षा मंडल एमपी बोर्ड की वर्ष 2025-26 की परीक्षा में श्री गणेश हायर सेकेण्डरी स्कूल अमहा ने एक बार फिर शानदार प्रदर्शन कर अपनी शैक्षणिक श्रेष्ठता सिद्ध कर दी है। अनुशासन, गुणवत्तापूर्ण शिक्षा और निरंतर उत्कृष्ट परिणामों के लिए पहचाने जाने वाले इस विद्यालय के विद्यार्थियों ने इस वर्ष भी उल्लेखनीय सफलता अर्जित की है।**



प्रवक्ता राजकपूर चितेरा ने बताया कि कक्षा 10वीं में रीतु तिवारी ने 97.6 प्रतिशत अंक प्राप्त कर विद्यालय में प्रथम स्थान अर्जित किया। साथ ही अभय मिश्रा 96.8 प्रतिशत, विवेक कुमार साकेत 95.8, आलोकमणि त्रिपाठी 95.8, अंकिता तिवारी 95.4, मणिका केवट 95.2, नारायणी शर्मा 94.8, रुचिका भक्ते 94.2, अर्नव मिश्रा 94.2, आयुष सिंह चौहान 94, धीरज कुमार द्विवेदी 94, प्रतीक कुमार गौतम 93.8, अक्षत विश्वकर्मा 93.6, मुस्कान तिवारी 93.2, प्रणेश सिंह चौहान 92.6, आदर्श सिंह 91.8, अक्षत द्विवेदी 91.8, स्वारित मिश्रा 91.6, अंश पांडे 91.6, राहिल तिवारी 91.6, मनीषा यादव 91.4, प्रतिभा बुनकर 91.2, प्रदीप कुमार यादव 90.4, अक्षत गुप्ता 90.4, अक्षिता सोनी 90.4 एवं मानशी दुबे 90 प्रतिशत से अधिक अंक प्राप्त कर विद्यालय की उपलब्धियों में चार चांद लगा दिए। जबकि कक्षा 12वीं में भी छात्रों ने उत्कृष्ट प्रदर्शन करते हुए विद्यालय का गौरव बढ़ाया। वरुण साकेत ने 94.8 प्रतिशत अंक प्राप्त कर प्रथम स्थान हासिल किया। वीरेन्द्र नाथ रैदास 93.6 प्रतिशत, आर्य वर्मा 93.4, अभिनय शुक्ला 93, अरविंद कुमार गुप्ता 92, अयांशु मिश्रा 91.4, ओम त्रिपाठी 91.2, रिया गुप्ता 90.4, अमन कुमार सेन 90, अनुष्का मिश्रा 89.2 एवं आराधना दुबे 89 प्रतिशत ने भी उल्लेखनीय सफलता प्राप्त की।

विद्यालय के प्राचार्य जेएन मिश्र ने सभी विद्यार्थियों को बधाई देते हुए कहा कि यह उपलब्धि छात्रों की अथक मेहनतए शिक्षकों की लगन और अभिभावकों के विश्वास का परिणाम है। संस्था के चेयरमैन एम.पी.शर्मा, निदेशक नीरज शर्मा एवं सहायक निदेशक अरुण ओझा ने भी इस शानदार उपलब्धि पर प्रसन्नता व्यक्त करते हुए सभी विद्यार्थियों को हार्दिक बधाई दी और उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की। इस अवसर पर अशोक नवैत, प्रकाश श्रीवास्तव, ए.एस. भट्ट, विनायक पाण्डेय, सतीश तिवारी, पुष्पराज मिश्र, रामचरण मिश्रा एवं प्रदीप मिश्रा सहित समस्त शिक्षकों ने विद्यार्थियों को बधाई देते हुए उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की।

# कलेक्टर ने फसल कटाई प्रयोग का किया निरीक्षण

**नवभारत न्यूज**

**सीधी 17 अप्रैल। शासन के निर्देशानुसार जिले में रबी सीजन के अंतर्गत फसल कटाई प्रयोग पटवारियों एवं ग्रामीण कृषि विस्तार अधिकारियों द्वारा संपादित किए जा रहे हैं। इन प्रयोगों के आधार पर ही फसल की उत्पादकता का आंकलन किया जाता है जो कृषकों के लिए नीति निर्धारण में महत्वपूर्ण भूमिका निभाता है।**



फसल कटाई प्रयोगों को पारदर्शी एवं सही तरीके से संपन्न कराने के लिए राजस्व एवं कृषि अधिकारियों की ड्यूटी निर्धारित की गई है। इसी क्रम में कलेक्टर विकास मिश्रा ने तहसील गोपद बनास के ग्राम नौढ़िया में गेंहू फसल कटाई प्रयोग का निरीक्षण एवं अवलोकन किया। उन्होंने मौके पर मौजूद अधिकारियों को निर्देशित किया कि निर्धारित मानकों के अनुसार ही प्रयोग संपन्न कराए जाएं ताकि उत्पादकता का सटीक आंकलन सुनिश्चित हो सके।

इस अवसर पर सहायक भू अभिलेख अधिकारी मुनेन्द्र प्रसाद तिवारी सहित अन्य संबंधित अधिकारी उपस्थित रहे।

## एक नजर में

### विद्युत उपभोक्ता शिकायत निवारण समिति की बैठक 24 को

**सीधी।** कार्यपालन अभियंता ने बताया कि विद्युत उपभोक्ताओं की शिकायतों के निवारण हेतु वृत्त स्तरीय समिति की बैठक 24 अप्रैल को आयोजित की जाएगी। बैठक का समय दोपहर 11 .30 बजे निर्धारित किया गया है। यह बैठक कार्यपालन अभियंता कार्यालय, नौढ़िया (सीधी) में आयोजित होगी। उपभोक्ताओं से अपेक्षा की गई है कि वे अपनी समस्याओं के समाधान हेतु निर्धारित तिथि एवं समय पर उपस्थित होकर अपनी शिकायतें प्रस्तुत कर सकते हैं।

### ज्ञानोदय आवासीय विद्यालय प्रवेश परीक्षा कल

**सीधी।** सहायक आयुक्त, जनजातीय कार्य विभाग ने बताया कि अनुसूचित जाति विकास विभाग द्वारा संचालित शासकीय ज्ञानोदय आवासीय विद्यालय में शैक्षणिक सत्र 2026-27 के लिए कक्षा 6वीं में प्रवेश हेतु प्रवेश परीक्षा आयोजित की जा रही है। इस संबंध में सीधी जिले के लिए जिला मुख्यालय स्थित शासकीय उत्कृष्ट उच्चतर माध्यमिक विद्यालय, सीधी को परीक्षा केन्द्र निर्धारित किया गया है। प्रवेश परीक्षा में अनुसूचित जाति वर्ग के कुल 99 छात्र-छात्राएं सम्मिलित होंगे। परीक्षा का आयोजन 19 अप्रैल 2026 को प्रात: 10 बजे से दोपहर 1 बजे तक किया जाएगा। सभी अभ्यर्थियों को निर्देशित किया गया है कि वे निर्धारित तिथि को परीक्षा प्रारंभ होने से कम से कम 30 मिनट पूर्व अपने प्रवेश पत्र के साथ परीक्षा केंद्र पर अनिवार्य रूप से उपस्थित हों। विद्यार्थी अपने प्रवेश पत्र 9 अप्रैल से संबंधित वेबसाइट के माध्यम से डाउनलोड कर सकते हैं।

### दवा व खाद्य व्यापारियों को नियमों के पालन के निर्देश

**सीधी।** जिले को नशा मुक्त बनाने की दिशा में जिला प्रशासन द्वारा अभियान चलाया जा रहा है। इसी क्रम में कलेक्टर विकास मिश्रा द्वारा जिले के केमिस्ट एवं ड्रग्स एसोसिएशन के पदाधिकारियों, दवा व्यापारियों एवं खाद्य व्यापारियों की संयुक्त बैठक आयोजित की गई। बैठक के दौरान कलेक्टर ने सभी व्यापारियों को स्पष्ट निर्देश दिए कि वे नियमानुसार ही अपने व्यवसाय का संचालन करें तथा नशे के लिए उपयोग होने वाली किसी भी प्रकार की दवाइयों का क्रय-विक्रय न करें। उन्होंने सरल भाषा में नियमों की जानकारी देते हुए सभी को जिम्मेदारीपूर्वक कार्य करने की समझाइश दी। कलेक्टर ने जिले को स्वास्थ्य के क्षेत्र में अग्रणी एवं नशा मुक्त बनाने के लिए व्यापारियों से सुझाव भी आमंत्रित किए। उन्होंने निर्देशित किया कि एक माह के भीतर सभी व्यापारी अपने प्रतिष्ठानों में दवाइयों के क्रय-विक्रय एवं संधारण से संबंधित अभिलेखों को अद्यतन (अपग्रेड) करें तथा नियमानुसार उनका रख-रखाव सुनिश्चित करें। साथ ही एसोसिएशन के पदाधिकारियों को सभी व्यापारियों के साथ समन्वय स्थापित कर नियमों का पालन सुनिश्चित कराने के निर्देश दिए गए। उन्होंने औषधि निरीक्षक एवं खाद्य सुरक्षा अधिकारी को निर्देशित किया कि सभी व्यापारियों को नियमों की जानकारी सरल भाषा में, नवीन संशोधनों सहित उपलब्ध कराई जाए तथा उनके कड़ाई से पालन की व्यवस्था सुनिश्चित की जाए। कलेक्टर ने कहा कि स्वच्छता एवं जनस्वास्थ्य को प्राथमिकता देते हुए दवा एवं खाद्य व्यापार किया जाए, जिससे जिले की स्वास्थ्य व्यवस्था और मजबूत हो सके। साथ ही उन्होंने शासन की विभिन्न योजनाओं के प्रभावी क्रियान्वयन एवं व्यवस्थाओं को और बेहतर बनाने के लिए निरंतर प्रयास जारी रखने की बात कही। बैठक में औषधि निरीक्षक राधेश्याम वट्टी एवं खाद्य सुरक्षा अधिकारी दिनेश लोधी भी उपस्थित रहे।

# आदर्श सरस्वती निवास का परीक्षा परिणाम रहा अव्वल



**नवभारत न्यूज**

**सीधी 17 अप्रैल। आदर्श सरस्वती हा.से. स्कूल निवास के छात्रों ने शैक्षणिक सत्र 2025-26 के परीक्षा परिणामों में शानदार एवं ऐतिहासिक उपलब्धि हासिल कर विद्यालय तथा अपने माता-पिता का नाम रोशन किए हैं।**

विद्यालय के संचालक कमलेश गुप्ता ने इस उपलब्धि पर हर्ष व्यक्त करते हुए सभी विद्यार्थियों को बधाई दी, उन्होंने कहा कि यह परिणाम न केवल छात्रों की मेहनत और लगन को दर्शाता है बल्कि विद्यालय की गुणवत्तापूर्ण शिक्षा व्यवस्था का भी प्रमाण है। कक्षा 10वीं के छात्र अमर कुमार साहू ने 97.8 प्रतिशत अंक हासिल करते हुए सिंगरौली जिले के मेरिट सूची मे प्रथम स्थान हासिल किया। रागिनी साहू ने 86.2 प्रतिशत, अनुराग पाण्डेय 86 प्रतिशत के साथ ही अन्य 22 विद्यार्थियों ने भी प्रथम श्रेणी उत्कृष्ट अंक प्राप्त करने सफलता हासिल किये हैं। इसी तरह 12वीं में वैभव पाठक ने 94 प्रतिशत, आदर्श मिश्रा 87.4, सागर मिश्रा 83.6, शिव कुमार साहू 83 प्रतिशत के साथ ही अन्य 17 छात्रों ने उत्कृष्ट अंको के साथ प्रथम श्रेणी मे उत्तीर्ण हुए हैं जो विद्यालय तथा अपने अभिभावकों का मान बढ़ाए हैं। इस गौरवशाली अवसर पर विद्यालय में उत्सव जैसा माहौल व्याप्त है। हर्ष व्यक्त करने में संचालक कमलेश गुप्ता, प्राचार्य प्रदीप कुमार गुप्ता, प्रधानाचार्य रविशंकर शुक्ल, शिक्षक आदर्श नामदेव, प्रहलाद यादव, आलोक शुक्ला, शंकरनाथ गोस्वामी, शिव पूजन गोस्वामी, पंकज द्विवेदी, शिक्षिका ललिता द्विवेदी, पुष्पा तिवारी, प्रभा कुशवाहा, अर्चना शुक्ला, राजेश्वर गोस्वामी, जय प्रकाश गुप्ता ने विद्यार्थियों के उज्जवल भविष्य की कामना की हैं।

# अभिषेक ने लहराया परचम, प्रदेश मेरिट में हासिल किए नौवां स्थान

**नवभारत न्यूज**

**सीधी 17 अप्रैल। सिहावल विकासखंड अंतर्गत संचालित हाली चाइल्ड पब्लिक स्कूल पहाड़ी के छात्र अभिषेक सिंह चौहान ने प्रदेश की मेरिट सूची में नौवां स्थान हासिल कर विद्यालय एवं जिले का मान बढ़ाया है।**



विद्यालय के संचालक प्रमोद सिंह बघेल एवं विनोद सिंह बघेल ने बताया कि अभिषेक शुरू से ही पढ़ाई में होनहार रहा है। होली चाइल्ड पब्लिक स्कूल के शिक्षक एवं शिक्षिकाओं द्वारा छात्र छात्राओं को बेहतर शिक्षा देने का प्रयास किया जा रहा है। जिसका ही परिणाम है कि अभिषेक चौहान ने प्रदेश की मेरिट सूची में नौवां स्थान हासिल किया है। इससे विद्यालय परिवार माता-पिता एवं सभी गौरव महसूस कर रहे हैं। अभिषेक की सफलता ने यह साबित कर दिया है यदि लगन के साथ मेहनत की जाए तो निश्चित रूप से सफलता हाथ लगती है। विद्यालय के संचालक एवं विद्यालय परिवार द्वारा अभिषेक का विद्यालय में सम्मान किया गया है। इस दौरान जिले की मेरिट में आने वाले छात्र-छात्राओ का भी सम्मान किया गया है।

# गैस आपूर्ति को लेकर प्रशासन का स्पष्टीकरण, अपील

**सीधी 17 मार्च।** जिले में गैस आपूर्ति की कठिनाइयों संबंधी प्रकाशित समाचार के संबंध में जिला प्रशासन ने स्थिति स्पष्ट की है। जिला प्रशासन ने स्पष्ट किया है कि जिले में गैस आपूर्ति एवं वितरण व्यवस्था पर सतत निगरानी रखी जा रही है। पूर्व में भी कलेक्टर द्वारा गैस एजेंसी संचालकों के साथ बैठक कर स्पष्ट निर्देश दिए जा चुके हैं कि शासन द्वारा निर्धारित मापदंडों का पूर्ण पालन सुनिश्चित किया जाए तथा उपभोक्ताओं को समयबद्ध और पारदर्शी तरीके से गैस वितरण किया जाए। किसी भी प्रकार की अनियमितता, कालाबाजारी या लापरवाही पाए जाने पर संबंधित एजेंसी के विरुद्ध कठोर कार्रवाई की जाएगी। जिला प्रशासन ने बताया कि प्रताप गैस एजेंसी सीधी के संबंध में प्राप्त शिकायतों को गंभीरता से लेते हुए पूर्व में ही नोटिस जारी कर जांच की जा रही है। पंचायत एवं ग्रामीण विकास राज्यमंत्री श्रीमती राधा सिंह के हालिया सीधी प्रवास के दौरान विवाह कार्यक्रमों के चलते बिना बुकिंग गैस लेने पहुंचे कुछ लोगों ने असामाजिक तत्वों के उकसावे में आकर मार्ग अवरुद्ध कर दिया था। प्रशासन द्वारा तत्काल हस्तक्षेप कर स्थिति को नियंत्रित किया गया, समझाइश देकर मार्ग को सुचारु रूप से खुलवाया गया तथा जिन उपभोक्ताओं की बुकिंग थी उन्हें गैस का वितरण सुनिश्चित कराया गया। जिला प्रशासन ने उपभोक्ताओं से अपील की है कि निर्धारित नियमों का पालन करें। शहरी क्षेत्रों में 25 दिन एवं ग्रामीण क्षेत्रों में 45 दिन के बाद ही गैस बुकिंग कराएं। बुकिंग के उपरांत गैस एजेंसी द्वारा डिलीवरी की सूचना एसमएस के माध्यम से दी जाती है अत: सूचना प्राप्त होने पर ही गैस सिलेंडर प्राप्त करें।

# सिहावल के स्कूलों में एचपीवी टीकाकरण को लेकर विशेष अभियान

## चिरैया अभियान के तहत छात्राओं को एचपीवी टीके के प्रति किया जागरूक

**नवभारत न्यूज**

**सीधी 17 अप्रैल। जिला प्रशासन के निर्देशानुसार किशोर स्वास्थ्य कार्यक्रम चिरैया एवं एचपीवी टीकाकरण अभियान के तहत विकासखंड सिहावल के विभिन्न विद्यालयों में जागरूकता गतिविधियां तेज कर दी गई हैं। इसी क्रम में हाईस्कूल खैरा, हायर सेकेण्डरी स्कूल कुचवाही एवं हायर सेकेण्डरी स्कूल सपही में विशेष परामर्श सत्र आयोजित किए गए।**



सामुदायिक स्वास्थ्य अधिकारी सपना सिंह एवं अंजीरा व्यास द्वारा 14-15 वर्ष आयु वर्ग की छात्राओं को सर्वाइकल कैंसर के जोखिम, एचपीवी टीकाकरण की आवश्यकता तथा प्रजनन स्वास्थ्य के महत्व के बारे में विस्तार से जानकारी दी गई। इस दौरान छात्राओं की शंकाओं एवं भ्रांतियों का समाधान करते हुए उन्हें टीकाकरण के प्रति जागरूक किया गया। सत्र के दौरान छात्राओं को स्वास्थ्य दूत बनकर अपने परिवार एवं समुदाय तक सही जानकारी पहुंचाने के लिए प्रेरित किया गया। बताया गया कि शासन द्वारा 14 से 15 वर्ष 3 माह तक की बालिकाओं को एचपीवी टीका नि:शुल्क उपलब्ध कराया जा रहा है जो सर्वाइकल कैंसर से बचाव में महत्वपूर्ण है। चिरैया कार्यक्रम के तहत सुसज्जित प्रचार वाहन ऑडियो संदेशों के माध्यम से गांव-गांव तक जागरूकता फैला रहे हैं। इन वाहनों के माध्यम से विषय विशेषज्ञों को स्कूलों एवं समुदाय तक पहुंचाकर समझाइश सत्र आयोजित किए जा रहे हैं जहां छात्राओं एवं ग्रामीणों की जिज्ञासाओं का समाधान किया जा रहा है।

जिला प्रशासन ने अभिभावकों से अपील की है कि वे 31 मई 2026 से पहले यू-विन पोर्टल पर पंजीकरण कर अपनी बेटियों का एचपीवी टीकाकरण अवश्य कराएं, ताकि उन्हें सर्वाइकल कैंसर जैसी गंभीर बीमारी से सुरक्षित रखा जा सके।